न्यायालय जिला कलक्टर, बाड़मेर
पीठासीन अधिकारी : विश्राम मीणा, आई0ए0एस0

राजस्व अपील सं. 25 / 2020

अपीलांट–
जोगाराम पुत्र होताराम जाति मेघवाल निवासी मगनाणियों की ढाणी भाडखा तहसील व जिला बाड़मेर

बनाम

रेस्पोडेंट्स –
1. नारणाराम पुत्र भीमाराम
2. सगताराम पुत्र भीमाराम
3. कानाराम पुत्र भीमाराम
4. पुरखाराम पुत्र भीमाराम
5. अगरी पत्नी भीमाराम
6. राउराम पुत्र जवाहराराम
7. भारूराम पुत्र जवाहराराम
8. कानूदेवी पत्नी जवाहराराम
   जाति मेघवाल निवासी मगनाणियों की ढाणी भाडखा तहसील व जिला बाड़मेर
9. तहसीलदार बाड़मेर

राजस्व अपील अन्तर्गत धारा 225 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 विरूद्ध आदेश दिनांक 04.05.2018 जो प्रकरण संख्या 63 / 2018 में तहसीलदार बाड़मेर द्वारा पारित किया।

उपस्थिति :–
1. श्री सुनील बी एल रामावत, अधिवक्ता अपीलार्थी की ओर से उपस्थित।
2. श्री सुखदेव जाखड़, अधिवक्ता रेस्पो0 सं. 1से8 की ओर से उपस्थित।
3. रेस्पोडेंट सं. 9 प्रफॉर्मा पक्षकार।

निर्णय

दिनांक : 30.03.2021

1. अपीलांट की ओर से यह अपील धारा 225 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के तहत रेस्पोडेंट तहसीलदार बाड़मेर के द्वारा कृषि भूमि के विभाजन हेतु पारित आदेश दिनांक 04.05.2018 के विरूद्ध पेश की गई हैं।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vish Ram Meena
Date: 2021.04.09 11:28:40 IST
Reason: SelfAttested

2. प्रस्तुत अपील के संक्षिप्त तथ्य यह है कि मौजा मगनाणियों की ढाणी के खसरा नम्बर 789, 790 रकबा क्रमश: 66–11, 139–06 कुल रकबा 205–17 बीघा के खातेदारान राउ, भारू पि0 जवारा, कानू पत्नी जवारा, जोगा वल्द होता, नारणा, सगता, काना, पुरखा पि0 भीमा, अगरी पत्नी भीमा

कौम मेघवाल साकिन देह ने प्रार्थना पत्र दिनाँक 04.05.2018 तहसीलदार बाड़मेर के समक्ष प्रस्तुत कर प्रार्थना–पत्र के संलग्न विभाजन नक्शा अनुसार आपसी रजामंदी व समझौता से भूमि व उस पर बनने वाले लगान का विभाजन करने का निवेदन किया। पक्षकारान की पहचान हल्का पटवारी भाडखा द्वारा की गई तथा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई कि मौके के कब्जा काश्त के अनुरूप विभाजन प्रस्ताव तैयार किया गया है, लगान का पुनः विभाजन सही किया गया है, जिन खातेदारों की भूमि बैंक में रहन है उनकी भूमि विभाजन में भी रहन दर्ज की गई है। इस पर तहसीलदार बाड़मेर द्वारा हल्का पटवारी की रिपोर्ट के आधार पक्षकारान के द्वारा प्रस्तुत विभाजन इकरारनामा स्वीकार कर राजस्व रेकर्ड मे अमल दरामद किये जाने का अपीलाधीन आदेश क्रमांक 63 दिनांक 04.05.2018 पारित किया गया। अपीलांट ने उक्त विभाजन स्वीकृति आदेश के विरूद्ध यह अपील इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 04.03.2020 को प्रस्तुत की गई है तथा अपील प्रस्तुत करने मे हुए विलम्ब को क्षमा करने हेतु धारा 5 मयाद अधिनियम के तहत प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया।

3. अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पोडेंट को जरिये नोटिस तलब किया गया। रेस्पोडेंट्स सं. 1 से 8 जरिये अधिवक्ता उपस्थित।

4. हमने पत्रावली का अवलोकन किया तथा उभय पक्षकारान के अधिवक्तागण को सुना। अपीलांट के योग्य अधिवक्ता ने प्रकट किया कि तहसीलदार बाड़मेर द्वारा पक्षकारान की खातेदारी भूमि के विभाजन पत्र स्वीकृति आदेश दिनांक 04.05.2018 पारित करने मे भारी कानूनी तथ्यों की भूल की है। अपीलकर्ता एवं रेस्पोडेंट ने कृषि जोत का विभाजन सहमति से करवाना तय किया गया। पक्षकारान अनपढ़ होने से विश्वास में तैयार विभाजन प्रस्ताव पर अंगुष्ठ–हस्ताक्षर कर कदीमी मौका कब्जा–काश्त अनुसार बंटवाड़ा कराने हेतु हल्का पटवारी से सम्पर्क कर प्रशासन गांवों के संग अभियान में तहसीलदार बाड़मेर के समक्ष पेश हुए। पक्षकारान की ओर से प्रस्तुत विभाजन नक्शा एवं मौके पर कब्जा–काश्त मे तरमीम मे भिन्नता होने के कारण अपीलांट व रेस्पोडेंट्स को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। तहसीलदार [illegible] स्वीकृति से पूर्व मौके की जांच नही की गई और न ही मौ[illegible] पर [illegible]कर पैमाईश कर भूमि की गुणवता, भौतिक स्थिति [illegible]ान में रखा गया। इस प्रकार विभाजन करते समय राजस्व मण्डल के नियम 18 से 21 की पालना नही करने से यह सम्पूर्ण कार्यवाही दूषित हुई है, जिसमें प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्त की अवहेलना एवं राजस्व नियमावली की प्रक्रिया का

Signature Not Verified
Digitally signed by Vish Ram Meena
Date: 2021.04.09 11:28:40 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय जिला कलक्टर बाड़मेर (राजस्थान)
जिला कलक्टर
बाड़मेर

उल्लंघन किया गया है। इस आधार पर अधिनस्थ न्यायालय द्वारा बंटवाड़ा का इकरारनामा पर पारित आदेश काबिल अपास्त है।

5. अपीलांट के अधिवक्ता ने यह भी प्रकट किया कि 15 दिन पूर्व जब अपीलांट अपने कब्जे--काश्त की भूमि मे काश्त करने लगे तब रेस्पोडेंट्स द्वारा काश्त करने पर विरोध किया गया। अपीलांट को बताया गया कि बंटवाड़ा मे यह जमीन रेस्पोडेंट के नाम हो गई है इस कारण अपीलांट को इस जमीन पर काश्त करने का कोई अधिकार नही हैं। इस पर राजस्व रेकर्ड की जानकारी ली तब सर्वप्रथम जानकारी मे आया कि अपीलाधीन आराजी गलत रूप से बंटवारा करवा दिया गया। इस प्रकार जानकारी होने की तिथी से यह अपील अन्दर मयाद प्रस्तुत की गई है जो उल्लेखित आधार पर विलम्ब को क्षमा कर स्वीकार की जावें तथा अपीलाधीन विभाजन आदेश को अपास्त किये जाने का आदेश फरमाया जावें।

6. रेस्पोडेंट्स संख्या 1से8 के योग्य अधिवक्ता ने अपीलांट की अपील के तथ्यों को स्वीकार कर जवाब मे प्रकट किया कि अपीलाधीन विभाजन सहमति से अवश्य हुआ था किन्तु इससे पूर्व मौके कब्जे की जांच एवं पैमाईश नहीं होने से कब्जे एवं रेकर्ड मे भिन्नता आ रही है तथा पक्षकारान के मध्य अनावश्यक विवाद उत्पन्न हो गया हैं। इस आधार पर अपीलांट की यह अपील स्वीकार की जाकर अपीलाधीन विभाजन आदेश अपास्त कर प्रकरण तहसीलदार गुड़ामालानी को पुनः इस निर्देश के साथ रिमाण्ड किया जावें कि मौके कब्जे की जांच एवं पैमाईश उपरांत पक्षकारान के हिस्सा अनुसार विभाजन की कार्यवाही नये सिरे से करें।

7. हमने दोनों पक्षों के अधिवक्तागण द्वारा प्रकट तथ्यों पर मनन किया एवं अपीलाधीन अभिलेख का अवलोकन किया, जिससे यह पाया जाता है कि मौजा मगनाणियों की ढाणी के खसरा नम्बर 789, 790 रकबा क्रमशः 66--11, 139--06 कुल रकबा 205--17 बीघा के खातेदारान राउ, भारू पि0 जवारा, कानू पत्नी जवारा, जोगा वल्द होता, नारणा, सगता, काना, पुरखा पि0 भीमा, अगरी पत्नी भीमा कौम मेघवाल साकिन देह ने प्रार्थना पत्र दिनाँक 04.05.2018 तहसीलदार बाड़मेर के समक्ष प्रस्तुत कर प्रार्थना--पत्र के संलग्न विभाजन नक्शा अनुसार आपसी रजामंदी समझौता से भूमि व उस पर बनने वाले लगान का विभाजन चाहा गया। पक्षकारान की पहचान हल्का पटवारी भू. अभि. निरीक्षक तथा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई कि मौके के कब्जा काश्त के अनुरूप विभाजन प्रस्ताव तैयार किया गया है, लगान का पुनः विभाजन सही किया गया है, जिन खातेदारों की भूमि बैंक में रहन है उनकी भूमि विभाजन में भी रहन दर्ज की गई है। इस पर

Signature Not Verified
Digitally signed by Vishram Meena
Date: 2021.04.09 11:28:40 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय जिला कलक्टर बाड़मेर (राजस्थान)

जिला कलक्टर बाड़मेर

तहसीलदार बाड़मेर द्वारा हल्का पटवारी की रिपोर्ट के आधार पक्षकारान के द्वारा प्रस्तुत विभाजन इकरारनामा स्वीकार कर राजस्व रेकर्ड मे अमल दरामद किये जाने का अपीलाधीन आदेश क्रमांक 63 दिनांक 04.05.2018 पारित किया गया। अपीलांट एवं रेस्पोडेंट्स का कथन हैं कि उक्त विभाजन से पूर्व मौके पर कब्जे–काश्त की जांच एवं पैमाईश नही होने से मौके कब्जे एवं नक्शा मे तरमीम मे भिन्नता आ रही है, जिसके फलस्वरूप पक्षकारान के आपस मे विवाद उत्पन्न हो गया हैं। इसके समाधान हेतु सभी पक्षकारान ने नये सिरे से विभाजन कराये जाने हेतु सहमति प्रकट की है, लिहाजा पक्षकारान की सहमति के आधार पर अपीलांट की यह अपील स्वीकार की जाकर अपीलाधीन अपास्त किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता हैं। यद्यपि अपीलाधीन कार्यवाही अपीलांट की सहमति से निष्पादित होना अभिलेख पर है किन्तु इस विभाजन के फलस्वरूप पक्षकारान के बीच कब्जे–काश्त को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है तथा वास्तविक स्थिति की जानकारी होने पर यह अपील प्रस्तुत की गई है, जो अपील प्रस्तुत करने मे हुए विलम्ब को सद्भाविक मानते हुए क्षमा किया जाना हम उचित मानते है। अधिनस्थ न्यायालय तहसीलदार बाडमेर द्वारा अपीलाधीन आदेश पारित करने से पूर्व मौका कब्जा की जांच नही करने से उक्त विभाजन दूषित एवं विवादित हो गया है, जिसे बहाल रखा जाना न्यायोचित प्रतीत नही होता है।

8. अतः उपर्युक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों पर विवेचन एवं विश्लेषण के परिणामस्वरूप अपीलांट द्वारा प्रस्तुत यह अपील स्वीकार की जाकर रेस्पोडेंट तहसीलदार बाड़मेर द्वारा विभाजन स्वीकृति आदेश दिनांक 04.05.2018 अपास्त किया जाता है। प्रकरण तहसीलदार बाड़मेर को इस निर्देश के साथ रिमाण्ड किया जाता है कि मौका कब्जा एवं पक्षकारान की सहमति अनुसार राजस्थान काश्तकारी (राजस्व मण्डल) नियम, 1955 मे यथा विहित प्रावधानों का परिपालना करते हुए पुनः नये सिरे से विभाजन की कार्यवाही करें।

निर्णय आज दिनांक 30.03.2021 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

न्यायालय जिला कलक्टर बाड़मेर (राजस्थान)

(विश्राम मीणा)
जिला कलक्टर, बाड़मेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Vish Ram Meena
Date: 2021.04.09 11:28:40 IST
Reason: SelfAttested